संख्या–02/2016/634/नौ-2-2016-01सीमाविस्तार/2015

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह
सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा मे,

जिलाधिकारी
आगरा।

नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक-13 मई,2016

विषय- नगर पालिका परिषद, शमशाबाद जनपद आगरा को प्रथम श्रेणी की नगर पालिका परिषद बनाया जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 7515/एल0बी0सी दिनांक 01 सितम्बर, 2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासनादेश दिनांक 10.11.2014 मे निर्धारित मानक को शिथिल करते हुये नगर पालिका परिषद, शमशाबाद जनपद आगरा को शमशाबाद को प्रथम श्रेणी की नगर पालिका बनाये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2 इस सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव/ अभिलेखो पर शासनादेश संख्या 2212/9.6.2014. 181मिस/2014 दिनांक 10 नवम्बर, 2014 के आलोक मे सम्यक विचारोपरान्त नगर पालिका परिषद, शमशाबाद जनपद आगरा को प्रथम श्रेणी की नगर पालिका परिषद घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

3' अतएव कृपया उक्त नगर पालिका परिषद को प्रथम श्रेणी की पालिका हेतु अनुमन्य समस्त सुविधाये/व्यवस्थाये प्रदान किये जाने के सम्बन्ध् में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

13/5/2016

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव।

संख्या- 634 (1) 9.02.16 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ् एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. मण्डलायुक्त, आगरा।
2. निदेशक, नगरीय स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिशद, शमशाबाद जनपद आगरा।
4. न्याय अनुभाग 1/वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग 6/नियोजन अनुभाग-4 कार्मिक अनुभाग 1/पंचायती राज अनुभाग 1/गोपन अनुभाग 1 ।
5. नगर विकास विभाग के समस्त अनुभाग।
6. कम्प्यूटर सेंल।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।